१४ : फूल

प्रश्नावली

प्रश्न 1. समान अर्थ वाले शब्द को रेखा खींचकर मिलाओ।

रिझाना	लजाना
शरमाना	अच्छा लगना
मौज मनाना	सुगंधित होना
महकना	खुशी मनाना
भाना	आकर्षित करना

प्रश्न 2. कविता की पंक्तियां पुरी करो।

1. छोटी सी बगिया में देखो, ...

2. इधर भटकते, उधर भटकते,..................................

3. झूम-झूम कर मौज मनाते,...................................

प्रश्न 3. कविता के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो।

1. फूल सबका मन किस तरह मोह लेता है?

2. फूल किसे अपने पास बुलाते हैं?

3. फूल सबका मन कैसे बहलाते है?

4. फूल सबके मन को क्यों भाते है?

उत्तर

उत्तर 1: रिझाना- आकर्षित करना

शरमाना- लजाना

मौज मनाना- खुशी मनाना

महकना- सुगंधित होना

भाना- अच्छा लगना

उत्तर 2: 1. छोटी सी बगिया में देखो, कितने रंग जमाते फूल ।सबके मन को मोहक लगते हैं। हँसते और मुस्काते फूल ।

2. इधर भटकते, उधर भटकते, तनिक नहीं शरमाते फूल ।।

3. झूम-झूम कर मौज मनाते, सबका मन बहलाते फूल ।

उत्तर 3: 1. फूल सबका मन हँसते और मुस्कराते हुए मोह लेता है।

2. फूल अपने पास तितली और भंवरे को बुलाते हैं।

3. फूल झुम-झुमके , मौज मनाके सबका मन बहलाते है।

4. फूल छोटे बच्चों जैसे हैं इसलिए सबके मन को भाते हैं।